दिनांक 16.10.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथि गृह का निर्माण कार्य के समयवृद्धि के प्रस्ताव पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-

---

उपस्थिति:-

1. **श्री प्रणव कुमार,** - अध्यक्ष
   सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
2. **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - सदस्य
   अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
3. **श्री मनोज कुमार सिंह** - सदस्य
   मुख्य अभियंता(संरचना), भवन निर्माण विभाग, पटना।
4. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - सदस्य
   आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
   भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

कार्यवाही:-

1.	कार्य का नाम	-	**बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथि गृह का निर्माण कार्य।**
2.	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	-	₹129.69 करोड़ (भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-46(भ0) दिनांक 02.08.2024)
3.	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	-	EPC (Engineering, Procurement and Construction Basis) आधारित
4.	विषयांकित कार्य हेतु संशोधित तकनीकी अनुमोदन की राशि एवं प्रसंग	-	₹139,29,32,000.00 (मुख्य अभियंता (निरूपण) के द्वारा दिनांक 19.11.2024 को प्रदत्त तकनीकी अनुमोदन)
5.	विषयांकित कार्य हेतु प्रदत्त संशोधित तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन, जो विभागीय पत्रांक 10431(भ.) अनु. दिनांक 18.12.2024 द्वारा प्रेषित है, में निर्माण कार्य हेतु कर्णांकित राशि एवं ध्वस्तिकरण कार्य हेतु राशि के साथ समेकित राशि	-	₹137,77,01,785.00
6.	विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा की राशि	-	₹148,10,29,419.00
7.	संवेदक का नाम	-	DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001
8.	एकरारनामा संख्या	-	EPC No.-03/2024-25
9.	एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि	-	13.02.2025
10.	एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि	-	12.08.2026 (18 माह)
11.	पूरक परिमाण विपत्र की राशि एवं प्रसंग	-	(i) ₹70,37,020.00 (असैनिक) (ii) ₹24,95,784.00 (विद्युत) (दिनांक 11.09.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में स्वीकृत)

12. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:-</u>

बिहार लोक भवन, पटना के परिसर में निर्माणाधीन राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं अतिथि गृह का निर्माण कार्य का एकरारनामा संवेदक DIPANSHU PROMOTER & BUILDER PVT. LTD., 28, VATIKA APATTMENT, LINE TANK ROAD, RANCHI-834001 से किया गया। जिसका एकरारनामा संख्या-EPC No.-03/2024-25 है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 13.02.2025 तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि 12.08.2026 है।

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 547 अनु0 दिनांक 07.09.2026 के द्वारा दिनांक **31.05.2027** तक समयवृद्धि की स्वीकृति का प्रस्ताव अनुशंसा के साथ समर्पित किया गया है।

उक्त समयवृद्धि के प्रस्ताव द्वारा विलम्ब का मुख्य कारण निम्नरूपेण प्रतिवेदित है:-

- राज्यपाल के प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार के पत्रांक 1527 दिनांक 20.08.2024 के द्वारा राज्यपाल सचिवालय के नये निर्माण किये जाने के पूर्व स्थल पर अवस्थित पुराने भवनों को तोड़े जाने तथा इसके लिए निर्माणाधीन अवधि में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध प्राप्त हुआ। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना के अनुरोध के क्रम में राज्यपाल के विशेष सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार के पत्रांक 779 दिनांक 28.03.2025 नवनिर्माण कार्य स्थल की वैरिकेडिंग करने तथा पुराने अवस्थित भवनों को ध्वस्तिकरण के प्लान पर सहमति प्रदान की गयी है। यह सहमति इस शर्त के साथ दिया गया कि पुराने भवनों के ध्वस्तिकरण से पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कर लिया जाय। कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-3, पटना के अनुरोध के क्रम में राज्यपाल के अपर सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार के पत्रांक 1704 दिनांक 27.08.2025 द्वारा उक्त विषयांकित वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत कार्यालय का फ्लोर प्लान, फर्नीचर प्लान एवं ए0सी0 प्लान को अनुमोदित किया गया। वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत स्थापना हेतु कार्यालय के अतिरिक्त कार्य के उपरान्त ध्वस्तिकरण कार्य पूर्ण किया गया। तत्पश्चात् निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया।
- राजेन्द्र भवन (ओथ हॉल) में पूर्व से विद्युत एवं जल आपूर्ति सामग्री के कारण पुराने अवस्थित भवन का ध्वस्तिकरण में विलम्ब हुआ।
- विद्युत पोल, एल0टी0 लाईन, टेलिफोन लाईन, जल आपूर्ति लाईन, विभिन्न वृक्ष इत्यादि कार्य स्थल पर स्थित पायी गयी। उक्त बाधा के कारण विभिन्न वस्तुओं का स्थानांतरण दिनांक 14.08.2025 को पूर्ण हुआ जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया।
- मानसून सिजन 2025 में अत्यधिक बारिश होने के कारण निर्माण सामग्रियों उपलब्धता प्रभावित हुयी तथा भूजल की रिसाव होने से निर्माण कार्य प्रभावित हुआ।
- कार्य स्थल पर बैचिंग प्लान्ट लगाने हेतु स्थल की उपलब्धता नहीं होने के कारण कंक्रीट 04 किलोमीटर दूर अवस्थित बैचिंग प्लान्ट से लाने एवं ट्रांसपोर्टेशन रूट नो-इंट्री जोन में पाये जाने के कारण कार्य की प्रगति प्रभावित हुयी।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने उपरोक्त बिन्दुओं पर समीक्षोपरान्त दिनांक 31.05.2027 तक के समयवृद्धि के कारण को उचित पाया।

13. <u>दिनांक 13.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा:-</u>

सम्यक् विचारोपरात तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक **31.05.2027** तक स्वीकृत करने की अनुशंसा पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में तथा सहमति हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया जाता है कि दिनांक **31.05.2027** तक के समयवृद्धि की अवधि में संवेदक को किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति/एस0बी0डी0 के कंडिका-10सी0सी0/10सी0ए0 के तहत सामग्रियों के दर में बढ़ोत्तरी का दावा मान्य नहीं होगा।

14. <u>विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही:-</u>

सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से दिनांक 13.10.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा किये गये अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है तथा समयवृद्धि की अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु मुख्य अभियंता(संरचना) को प्राधिकृत करने का निर्णय लिया गया।

इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

16/10/26 16/10/26 16.10.26 16/10/26

(विकास कुमार पाण्डेय)	(मनोज कुमार सिंह)	(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)	(प्रणव कुमार)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,	मुख्य अभियंता(संरचना)	अभियंता प्रमुख-सह-अपर	सचिव,
भ0नि0वि0, बिहार, पटना	भ0नि0वि0, बिहार, पटना	आयुक्त-सह-विशेष सचिव,	भवन निर्माण विभाग,
		भ0नि0वि0, पटना	बिहार, पटना

ज्ञापांक- भवन/मु0अभि0(प0)यो0प्राक0-1-56/2024 151 (सं०) पटना, दिनांक 22/10/26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/10/26

(मनोज कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता(संरचना),
भवन निर्माण विभाग, पटना